वी.यू. में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा 21 दिवसीय समर स्कूल प्रशिक्षण का समापन

आज दिनांक 20.09.2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर 21 दिवसीय समर स्कूल प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के पशु सूक्ष्म जीवी विभाग में संपन्न किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी के अथक प्रयासों व निर्देशन में आयोजित किया गया था। समापन कार्यक्रम माननीय कुलपति डॉ. प्रयागदत्त जुयाल, के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

विदित हो इस ग्रीष्मशाला प्रशिक्षण का शीर्षक **"पशुधन और कुक्कट से जुड़े सूक्ष्मजीवी रोगाणुओं की आण्विक निदान में हाल के रूझान"** पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 05 विभिन्न राज्यों तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के 24 प्रशिक्षर्णियों ने भाग लिया। जिसमें पशुचिकित्सा के विभिन्न विषयों जैसे सूक्ष्मजीव विज्ञान, औषधि विज्ञान, पशुजन स्वास्थ्य विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, शरीर रचना विज्ञान, कुक्कट विज्ञान, परजीवी विज्ञान, वन्यजीव विज्ञान, कृषि विज्ञान के प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्मजीवी रोगाणुओं की आण्विक निदान से संबंधित व्याख्यान एवं हेन्डस् ऑन कराया गया।

डॉ अंजू नायक, पाठ्यक्रम निर्देशक एवं डॉ. जॉयसी जोगी, पाठ्यक्रम समन्वयक के द्वारा आई.सी.ए.आर. समर स्कूल 21 दिनों के प्रशिक्षण का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् सभी प्रशिक्षर्णियों को प्रमाण प्रत्र वितरित किये गयें। उसके पश्चात् उद्बोधन की श्रृखंला में अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने सभी प्रशिक्षर्णियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने की बधाई दी। माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न व्याख्यानों को बहुत महत्वपूर्ण बताया, साथ ही भारत सरकार के ब्रुसिलोसिस नियंत्रण कार्यक्रम एवं एफ.एम.डी. नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संजय शुक्ला, पाठ्यक्रम समन्वयक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर